संक्षिप्त समाचार

पारसनाथ राजवाड़े ने किया नवीन 33/11 केव्ही उपकेंद्र का भूमि पूजन

सूरजपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सूरजपुर जिले में प्रवास के दौरान ग्राम लटोरी में जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम वासियों के साथ भेंट मुलाकात के दौरान लो-वोल्टेज की समस्या से अवगत कराया गया था। जिस पर मुख्यमंत्री बघेल द्वारा ग्राम लटोरी, ग्राम नवापारा कला, एवं ग्राम गोविंदपुर में 03 नवीन 33/11 के.व्ही उपकेंद्र स्थापना किये जाने की घोषणा की गई थी। जिस पर विद्युत विभाग द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए सूरजपुर संभाग के अंतर्गत उपसंभाग विश्रामपुर अधीनस्थ वितरण केंद्र लटोरी में 10 अगस्त 2022 को नवीन 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र का भूमि पूजन पारसनाथ राजवाड़े जी, संसदीय सचिव, छ.ग. शासन द्वारा किया गया। जिससे वितरण केंद्र लटोरी अंतर्गत आने वाले लटोरी, महेशपुर, हिराडबरी, संबलपुर, सोनवाही, द्वारिका नगर, अनुजनगर, बृजनगर, भंडार पारा एवं बनिया पारा ग्रामों में लो-वोल्टेज की समस्या का निदान हो जायेगा। इस अवसर पर गोवर्धन मरकाम, अयोध्या प्रसाद जायसवाल, अर्जुन देवांगन, बुधराम राजवाड़े, मोहरलाल, आनंद चौधरी एवं सूरजपुर संभाग के कार्यपालन यंत्री एच. के. मंगेशकर, विश्रामपुर उपसंभाग के सहायक यंत्री अनुरंजन कुजूर वितरण केंद्र विश्रामपुर के कनिष्ठ यंत्री कामिल केरकेट्टा एवं अन्य सहयोगी कर्मचारी भी उपस्थित थे।

तहसीलदार एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मिठाइयों की गुणवत्ता का किया परीक्षण

सूरजपुर। एसडीएम सूरजपुर के आदेश के पश्चात तहसीलदार मो. इसरार अंसारी और खाद्य सुरक्षा अधिकारी तिरेश मिश्रा की संयुक्त टीम के द्वारा पुराना बस स्टैंड में अनाधिकृत रूप से लगने वाले मिठाई के दुकानों में दुकान लगाने की अनुमति एवं मिठाइयों की गुणवत्ता चेक कराई गई जिसमें सूरजपुर के पुराना बस स्टैंड के पास के सभी दुकानों की मिठाई का नमूना लिया गया जिसमें चांदी के वर्क, रंग और मैदा और बेसन का नमूना लिया गया, साथ ही साथ टीम ने जगह आवंटन का आदेश मांगा। इस पूरी कार्यवाही में पुलिस से बैच नंबर 8 भूषेंद्र तिवारी, राम प्रकाश जायसवाल, वीरेंद्र और सुमित त्रिपाठी शामिल थे।

कृषि महाविद्यालय प्रतापपुर के लिये भूमि चयन के लिए दावा आपत्ती 18 तक

सूरजपुर। कार्यालय उप संचालक कृषि सूरजपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला सूरजपुर के तहसील प्रतापपुर अंतर्गत कृषि महाविद्यालय प्रतापपुर लिये भूमि का हस्तांतरण शैक्षणिक संस्थान समिति को भूमि आवंटित किये जाने हेतु पत्र प्राप्त हुआ है। कृषि महाविद्यालय प्रतापपुर के लिये भूमि चयन कर प्रतिवेदन लिया गया। प्रतिवेदन अनुसार ग्राम प्रतापपुर प.ह.नं. 39 तहसील प्रतापपुर स्थित वर्तमान बी-1 व सरगुजा सेटलमेंट अनुसार गौचर मद की भूमि खसरा नं. 913 हे0 भूमि आवंटित किये जाने हेतु प्रस्तावित किया गया है। प्रस्तावित भूमि का संस्था को भूमि आवंटन के पूर्व नौईयत परिवर्तन की कार्यवाही प्रारंभ की गई है इस संबंध में में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 18 अगस्त 2022 तक समय 11बजे तक इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है।

रिपॉस ने DATUM टेक टूल के ज़रिए ऊर्जा वितरण के क्षेत्र में क्रांति लाने का प्रयास

रायपुर। रिपॉस को भारत में जन-जन तक विभिन्न तरह की ऊर्जा पहुंचाने के मामले में एक अग्रणी कंपनी के तौर पर देखा जाता है. कंपनी के 2000 से अधिक सहयोगर हैं और कंपनी देश के 220 से भी अधिक शहरों में कार्यरत है. फिनटेक के तहत रिपॉस ने रिपॉस पे को लॉन्च कर दिया है जो एक अमृत एनर्जी क्रेडिट फिनटेक प्लेटफॉर्म है. इससे ऊर्जा के वितरण के क्षेत्र में एक क्रांति आ जाएगी. उल्लेखनीय है इस टेक टूल को मुम्बई में पिछले महीने लॉन्च किया गया था. इस विशेष मौके पर केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने अपनी विशेष मौजूदगी दर्ज कराई. रिपॉस ने अपने नवीनतम टेक्नोलॉजी टूल DATUM को हाल ही में रायपुर में लॉन्च किया। इस विटी लॉन्च के मौके पर ट्रांसपोर्टर, OEM अफसर और बैंकर भी मौजूद थे. गौरतलब है कि रिपॉस आपूर्ति और मांग की खाई को कम करने की दिशा में कार्यरत है और DATUM के माध्यम से डिजल से शुरू करते हुए उपभोक्ताओं के दरवाजे तक ईंधन पहुंचाने के लिए प्रयासरत है।

अल्प वर्षा से निर्मित हुई स्थिति का आंकलन करने पहुंचे संचालक कृषि

कृषकों को धान के बदले अन्य फसल लेने के लिए करें प्रोत्साहित : डॉ. तम्बोली

मदनेश्वरपुर व परसागुड़ी गौठान का किया निरीक्षण, कहा मल्टिएक्टिविटी के तहत् महिला समूहों को दो-तीन प्रकार के गतिविधियों से जोड़े

▶▶ बलरामपुर (ब्यूरो)।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सरगुजा संभाग में अल्प वर्षा की स्थिति को देखते हुए सूखा ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है, इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नजरी आंकलन करने के निर्देश दिये हैं। इसी कड़ी में आज जिले के एक दिवसीय दौरे पर कृषि विभाग के संचालक व गोधन न्याय योजना के विशेष सचिव डॉ. अय्याज फकीर भाई तम्बोली तथा कृषि विभाग की उप सचिव श्रीमती तुलिका प्रजापति पहुंचे थे। उन्होंने प्रवास के दौरान विकासखण्ड राजपुर के ग्राम मदनेश्वरपुर एवं परसागुड़ी गौठान का निरीक्षण किया तथा गौठान में आये हुए किसानों से चर्चा करते हुए अल्प वर्षा से निर्मित स्थिति का आंकलन किया। डॉ. तम्बोली ने दोनों गौठानों में मल्टीएक्टिविटी के तहत् रोजगार प्राप्त कर रही स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा की।

कृषि विभाग के संचालक एवं गोधन न्याय योजना के विशेष सचिव डॉ. अय्याज फकीर भाई तम्बोली ने विकासखण्ड राजपुर के मदनेश्वरपुर गौठान का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने गौठान में मौजूद कृषकों से चर्चा की, किसानों ने बताया कि पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण धान की खेती नहीं कर पा रहे हैं। जिसके बाद कृषि विभाग के संचालक डॉ. तम्बोली ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कृषकों को धान के बदले अन्य फसल लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

उन्होंने मदनेश्वरपुर गौठान में मल्टिएक्टिविटी के तहत् कार्य कर रही महिला समूह की महिलाओं से चर्चा की, तथा गौठान में गोबर खरीदी की जानकारी लेते हुए प्रत्येक दिन की खरीदी की जानकारी ली। गोधन न्याय योजना के विशेष सचिव डॉ. ताम्बोली को समूह की महिलाओं ने बताया कि वर्मी खाद के विक्रय से उन्हें 1 लाख रूपए का लाभ प्राप्त हुआ है, इसके साथ ही 200 रूपये प्रति किलो के दर से 1 क्विंटल केंचुएं का भी विक्रय किया गया है। गौठान के निरीक्षण के दौरान उन्होंन गौठान में सामुदायिक बाड़ी, सरसों तेल यूनिट व एलईडी बल्ब यूनिट का अवलोकन किया। डॉ. तम्बोली ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मल्टिएक्टिविटी के तहत् समूह की महिलाओं को दो-तीन प्रकार के गतिविधियों से जोड़कर रखें, जिससे उन्हें सतत् रोजगार मिलता रहे। इसी प्रकार परसागुड़ी गौठान के निरीक्षण के दौरान विशेष सचिव डॉ तम्बोली ने गोबर खरीदी, गौमूत्र की खरीदी तथा मल्टिएक्टिविटी के तहत् संचालित गतिविधियों के संबंध में महिला समूह की महिलाओं से चर्चा कर जानकारी ली, इस दौरान समूह की महिलाओं ने मशरूम उत्पादन हेतु पक्का शेड निर्माण करने की मांग रखी, जिस पर विशेष सचिव ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

कृषि विभाग के संचालक डॉ. अय्याज फकीरभाई तंबोली एवं कृषि विभाग के उप सचिव श्रीमती तुलिका प्रजापति ने नरवा योजना अंतर्गत ग्राम चरगड़ नाला में निर्मित चेक डेम का अवलोकन किया। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से नाले की लंबाई तथा उक्त क्षेत्र में ऐसे कितने चेक डैम निर्मित किये गये हैं, तथा चेक डैम के निर्माण से कितने कृषक लाभान्वित हो रहे हैं इस संबंध में जानकारी ली।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर विजय दयाराम के., वनमण्डलाधिकारी विवेकानन्द झा, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन श्रीमती रीता यादव, कृषि विभाग के उप संचालक प्रदीप एक्का, पशुपालन विभाग के उप संचालक बी.पी.सतनामी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शशि चौधरी, मनरेगा के जिला स्तरीय अधिकारी सहित विकासखण्ड

रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन,40 वाहनों से साढ़े 9 लाख का जुर्माना वसूल

खनिज विभाग की सख्ती लगातार कार्रवाई जारी

▶▶ सूरजपुर (ब्यूरो)।

कलेक्टर इफ्सा आरा के निर्देशन में रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन को लेकर खनिज विभाग की सख्ती लगातार जारी है।पिछले दो महीनों में ऐसे 40 वाहनो को जप्त करते हुए वाहन मालिकों से करीब साढ़े नौ लाख रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है।बारिश के इस मौसम में नदी,नालों से रेत का उत्खनन प्रतिबंध है विभाग से अनुमति प्राप्त भंडारण केंद्रों से ही रेत की आपूर्ति की जा सकती है,ऐसे में अवैध रूप से उत्खनन व परिवहन करते पाए जाने वाले वाहनों पर कार्यवाही की गई है।

खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले जून माह से विभाग की टीम लगातार क्षेत्रों में भ्रमण कर रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई कर रही है अब तक की कार्रवाई में 40 ऐसे वाहन पकड़ में आए जो नियमों का उल्लंघन करते पाए गए हैं जिन पर विभाग ने अलग-अलग कार्रवाई कर करीब साढ़े नौ लाख की जुर्माना वसूल किया है इस कार्रवाई में अवैध भंडारण,क्षमता से अधिक रेत परिवहन किए जाने की भी कार्यवाही शामिल है।खनिज अधिकारी संदीप नायक के अनुसार बारिश के मौसम में नियमानुसार नदी नालों से रेत की निकासी प्रतिबंधित है बावजूद कई जगह से शिकायतें मिलने पर विभाग ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई की है।विभाग की टीम राजस्व व पुलिस विभाग के सहयोग से लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर अवैध परिवहन करने वाले वाहनों की जांच पड़ताल कर रही है। नियम विरुद्ध रेत परिवहन किए जाने वाले वाहन मालिकों पर प्रकरण दर्ज कर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही हैं।जून माह से 8 अगस्त तक 40 वाहनों पर जुर्माने की कार्रवाई करते हुए अर्थदण्ड राशि रुपये 9 लाख 49 हजार नौ सौ पचानवें रुपए जमा करवाया गया है। नायक के अनुसार विभाग की यह कार्रवाई निरंतर जारी है जहां से भी शिकायतें मिल रही है ।

आधी रात को विभाग की कार्रवाई,दो वाहन मालिको पर 78 हजार का जुर्माना

पिछले दिनों शिकायतें मिल रही थी कि पेंधाखान से प्रतापपुर मार्ग पर कुछ वाहने रात के अंधेरों में रेत का अवैध परिवहन कर रहे हैं जिसको विभाग ने संज्ञान में लेते हुए स्वयं खनिज अधिकारी व राजस्व विभाग की टीम ने इस मार्ग पर जांच पड़ताल का दायरा बढ़ाया तो रविवार को दो ऐसे वाहन पकड़े में आए जो नियम विरुद्ध रेत का परिवहन कर रहे थे जिन पर कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों को जप्त कर पुलिस चौकी चेंदा के सुपुर्द किया गया और दोनों वाहन मालिको पर करीब 78000 रू. की अर्थदंड आरोपित किया गया है। खनिज विभाग की इस कार्रवाई से अवैध उत्खनन व परिवहन में लिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग ने यह कार्रवाई आधी रात को की है।

जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के युवाओं मिली विभिन्न विभागों में शासकीय नौकरी

▶▶ सूरजपुर (ब्यूरो)।

विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो समुदाय के युवा सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक तथा विकास को मूलधारा से दूर होने के बावजूद जीवन में कुछ कर गुजरने के सपने को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। नियुक्ति पत्र प्राप्त युवाओं ने कलेक्टर इफ्सा आरा से मुलाकात कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार प्रकट किया है। कलेक्टर ने नियुक्ति पत्र प्राप्त युवाओं से हालचाल जाना एवं समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बन कर समाज कल्याण के लिए बेहतर भूमिका का निर्वहन करने बधाई देकर शुभकामनाएं दी।

राज्य शासन एवं सूरजपुर जिला प्रशासन के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों की आर्थिक एवं सामाजिक में सुधार कर उनका जीवन बदलने के लिए के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन जनजातियों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि रोजगार, स्वरोजगार, सरकारी नौकरी एवं अन्य क्षेत्र में प्रगति का कार्य प्रशस्त कर रहा है। पंडो जनजाति समुदाय के आज के युवा तीर-धनुष के साथ शिक्षा, रोजगार के साथ पूरे समुदाय के अधिकारों की बात करती है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राज्य में सभी विशेष पिछड़ी जन जातियों को उनकी पात्रता अनुसार तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के सीधी भर्ती के रिक्त पदों में नियुक्त किये जाने की घोषणा किया गया है। चोपणडाँड़ पर अमल करते हुए जिला प्रशासन ने सूरजपुर जिले में लगभग 71 पदों का चिन्हांकन कर नियुक्ति की कार्यवाही किया जा रहा है। अगस्त 2022 विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सहायक ग्रेड 3 में तिलेश भानी को उपसंचालक पंचायत कार्यालय में, दुबलेश्वरी भानी को सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में, श्रीमती नामनमी पंडो को जिला कोषालय अधिकारी कार्यालय में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है।

अल्पसंख्यक प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं मेरिट कम मीन्स छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

बलरामपुर। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया है कि अल्पसंख्यक प्री0 मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं मेरिट कम मीन्स छात्रवृत्ति वर्ष 2022-23 में नवीन/नवीनीकरण हेतु पोर्टल वेबसाईट स्कॉलरशीप डॉट जीओव्ही डॉट इन पर प्रारंभ किया जा चुका है। इस योजनाओं हेतु विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। जिसमें प्री. मैट्रिक छात्रावृत्ति हेतु 30 सितम्बर, पोस्ट मैट्रिक एवं मेरिट-कम मीन्स छात्रवृत्ति हेतु 31 अक्टूबर तक आवेदन हेतु पोर्टल खुला रहेगा। समस्त शासकीय एवं अशासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं का छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीयन किया जाना है।

समय-सीमा से बाहर लंबित नही होने चाहिए प्रकरण : कलेक्टर

निर्माण कार्यों पर देरी को लेकर कलेक्टर साहू ने जताई नाराजगी

कलेक्टर साहू ने ली समय-सीमा की बैठक

▶▶ रायगढ़ (ब्यूरो)।

लोक सेवा गारंटी के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सेवाओं के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। ऐसे में सभी अधिकारियों का दायित्व है कि प्रकरण निर्धारित समय के भीतर निराकृत किए जाएं। उक्त बातें कलेक्टर रानू साहू ने आज समय-सीमा की बैठक में कही। उन्होंने लंबित प्रकरणों पर गहरी नाराजगी जताते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर साहू ने आज बैठक में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की भी तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि के प्रकरणों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी प्रकरणों का तेजी से निराकरण किया जाए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि तहसील कार्यालयों में आरआई पटवारी रिपोर्ट के लिए एक अलग से रजिस्टर बनाया जाए। जिसमें हल्काचार पटवारियों से अपेक्षित रिपोर्ट की पूरी जानकारी हो। इस रजिस्टर में पटवारियों को किसी प्रकरण में रिपोर्ट देने हेतु कितने बार निर्देश दिए गए तथा उसका क्या पालन किया गया उसकी जानकारी दर्ज की जाए। इससे तहसील के सभी हलकों के कामकाज की भी समीक्षा करने में आसानी होगी।

कलेक्टर साहू ने आज बैठक में स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। कुछ स्थानों पर भवन पूर्ण नहीं होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई तथा पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को तत्काल निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि ठेकेदार द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है तो उसे नोटिस दे तथा उस पर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि विभाग का प्राथमिक दायित्व निर्माण कार्यों को समय से पूरा कराना है।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अविनाश मिश्रा, नगर निगम आयुक्त संवित मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ स्टायली मण्डवी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यालयों का सुचारू संचालन विभाग प्रमुखों की जिम्मेदारी

कलेक्टर साहू ने कहा कि जिले में स्थित विभागीय कार्यालयों का सुचारु संचालन विभाग प्रमुखों की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने अधीन कार्यालयों का 16 से 18 अगस्त के बीच निरीक्षण कर वहां सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयों में समुचित साफ-सफाई होनी चाहिए,रिकॉर्ड का व्यवस्थित रूप से मेंटेन होना चाहिए, स्टाफ समय से कार्यालय आए, विभागीय कार्य समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं।

एनसीसी कैडर रोहित मिंज 15 अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे

▶▶ बलरामपुर (ब्यूरो)।

शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर के एनसीसी कैडेट श्री रोहित मिंज बी.ए. तृतीय वर्ष 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को नई दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के साथ छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। वे छत्तीसगढ़ राज्य की विशेष पिछड़ी मुरिया जनजाति के कला, जीवन-शैल, वेशभूषा एवं सांस्कृतिक विशेषताओं का पारंपरिक वेशभूषा धारण कर माननीय राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं देश के समक्ष प्रदर्शन करेंगे, उनका चयन 06 जुलाई से चल रहे एक भारत श्रेष्ठ स्वतंत्रता दिवस कैंप से हुआ था।

ज्ञातव्य है कि मुरिया जनजाति छत्तीसगढ़ की विशेष पिछड़ी जनजाति में से एक है, यह जनजाति सांस्कृतिक दृष्टि से एक सम्पन्न जनजाति है। यही वजह है कि आजादी के 75वें वर्ष के अमृत महोत्सव में रोहित मुरिया जनजाति सांस्कृतिक सम्पन्नताओं को देश के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

आरोहण फाइनेंशियल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर उद्यमी बनने का हक देता है

रायपुर। माइक्रोफाइनेंस कई महत्वाकांक्षी महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने में मदद करके उनके जीवन को ऊपर उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह महिलाओं के लिए उद्यमिता के लिए एक मार्ग का निर्माण कर रहा है और अपनी महिला ग्राहकाओं को उनकी क्षमताओं का समर्थन करते हुए एक स्थिर जीवन जीने के लिए व्यापक समर्थन प्रदान करता है। आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज जैसे माइक्रोफाइनेंस संस्थान कमजोर समुदायों की महिलाओं को वित्तीय समाधान प्रदान करते हैं और उन्हें छोटे उद्यम स्थापित करने में मदद करके स्वरोजगार को प्रोत्साहित करते हैं। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के छुरा गांव की नरीता शर्मा की सफलता ने अपने इलाके की कई अन्य महिलाओं को आत्मनिर्भरता के सपने को पूरा करने के लिये प्रेरित किया। नरीता हमेशा अपने पति को परिवार के बुनियादी घरेलू खर्चों को पूरा करने के लिए मदद करना चाहती थी। हालांकि, पूंजी की कमी उसकी उद्यमशीलता यात्रा के के लिए एक चुनौती बनी रही। नरीता के एक पड़ोसी ने आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज के एक ऋण अधिकारी से परिचय कराया था। माइक्रोफाइनेंस आय सृजन ऋण के बारे में पूरी तरह से समझने के साथ, उसने आरोहण से 35,000/- रूपये के ऋण के लिए आवेदन किया, जिसका उपयोग उसकी छोटी किराने की दुकान स्थापित करने में किया गया था। अपने परिवार का समर्थन करने के लिए नरीता की दृढ़ता और दृढ़ संकल्प ने उन्हें एक सफल व्यवसायी के रूप में आकार दिया।

NEW ERA ALKALOIDS & EXPORTS LIMITED
Regd. Off. :- 408, Wallfort Ozone, Faladih Chowk, Raipur-492001,
CIN NO: L15143CT1991PLC006678
Statement of unaudited Financial Results for the Quarter ended 30.06.2022
(Rs in Lakhs)

S. NO.	Particulars	Quarter ended			Year ended
		30-Jun-22 Unaudited	31-Mar-22 Audited	30-Jun-21 Unaudited	31-Mar-22 Audited
1	Total Income	-	21.45	4.86	29.01
2	Profit / Loss before exceptional items and tax	(1.55)	14.13	2.30	10.80
3	Profit / (Loss) before tax (after extra-ordinary items)	(1.55)	14.13	2.30	10.80
4	Profit / (loss) for the period	(1.55)	14.13	5.44	14.50
5	Total Comprehensive Income for the period	(1.55)	11.16	5.44	93.91
6	Paid-up Share Capital (par value Rs. 10/- each fully paid up)	328.44	328.44	328.44	328.44
7	Reserve excluding Revaluation reserves as per balance sheet of previous accounting year				
8	Earnings per equity share (Par value Rs. 10 each)				
	i) Basic	(0.05)	0.34	0.17	2.86
	ii) Diluted	(0.05)	0.34	0.17	2.86

"NOTES TO RESULTS : The above is an extract of the detailed format of Annual Financial results filed with the stock exchange under Regulation -33 of the SEBI (LODR), 2015. The full format of results are available on Company's website http://newerahd.com/ as well as on the website of BSE Limited."
Place: Raipur,
Date: 10.08.2022
ON BEHALF OF BOARD OF DIRECTORS
SD/- Ravindra Pokharna, Managing Director

NATURA HUE-CHEM LIMITED
Regd. Off. :- 408, Wallfort Ozone, Faladih Chowk, Raipur-492001,
CIN NO: L24117CT1995PLC009645
Statement of Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter ended 30.06.2022
(Rs in Lakhs)

S. NO.	Particulars	Quarter ended			Year ended
		30-Jun-22 Unaudited	31-Mar-22 Audited	30-Jun-21 Unaudited	31-Mar-22 Audited
1	Total Income	-	8.25	-	13.32
2	Profit / Loss before exceptional items and tax	(3.63)	4.59	(3.42)	(1.66)
3	Profit / (Loss) before tax (after extra-ordinary items)	(3.63)	4.59	(3.42)	(1.66)
4	Profit / (loss) for the period	(3.63)	4.58	(3.44)	(1.69)
5	Total Comprehensive Income for the period	(3.63)	(45.42)	(3.44)	1.22
6	Paid-up Share Capital (par value Rs. 10/- each fully paid up)	414.53	414.53	414.53	414.53
7	Reserve excluding Revaluation reserves as per balance sheet of previous accounting year				
8	Earnings per equity share (Par value Rs. 10 each)				
	i) Basic	(0.09)	(1.10)	(0.08)	0.03
	ii) Diluted	(0.09)	(1.10)	(0.08)	0.03

"NOTES TO RESULTS : The above is an extract of the detailed format of Annual Financial results filed with the stock exchange under Regulation -33 of the SEBI (LODR), 2015. The full format of results are available on Company's website http://http://www.naturahuechem.com/ as well as on the website of BSE Limited."
Place: Raipur,
Date: 10.08.2022
ON BEHALF OF BOARD OF DIRECTORS
SD/- Ravi Kanwa, MD